छात्राओं हेतु विशेष सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत् सभी छात्राओं को आदेशित किया जाता है कि महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एवं परिसर में इधर उधर मोबाइल लेकर न खड़ी रहें। पिछले लगभग 15 दिनों से महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यह देखा जा रहा है कि कुछ छात्राएं महाविद्यालय आकर मुख्य द्वार से ही मोबाइल पर बात करती हुयी बाहर चली जाती हैं व कक्षाओं में उपस्थित नहीं रहती हैं, ऐसी स्थिति में उनके माता–पिता को भी यह सूचित किया जा रहा है कि यदि किसी छात्रा के साथ महाविद्यालय के बाहर कोई भी दुर्घटना या जिला प्रशासन द्वारा कोई शिकायत की जाती है तो महाविद्यालय इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए छात्रा का नाम काट दिया जायेगा। कुछ छात्राओं को चिन्हित करते हुए उनके माता–पिता को एवं कोतवाली बदायूँ को प्राचार्य द्वारा पंजीकृत डाक से पत्र भेज दिया गया है भविष्य में अन्य छात्राओं के साथ यह कार्यवाही न करनी पड़े उससे बचने के लिए सभी छात्राऐं अनुशासन बनाये रखते हुए महाविद्यालय में अध्ययन कार्य करें। यह भी सूचित किया जाता है कि छात्राएं किसी भी कार्य को करने के महाविद्यालय से बाहर 2.00 बजे से पहले नहीं निकलेंगी जो भी कार्य करना है करते हुए ही प्रवेश करें या बाद में करें।

दिनांक–04.03.2021

प्राचार्य